अग्रवाल महाविद्यालय में दिनॉक 26–08–2015 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा "आर्ट ऑफ वेब डिजाईन" विषय पर बी.वॉक. साफ्टवेयर डवलेपमेन्ट द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में किया गया. मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती अरुणा छाबा, फारमरली टेक्नीकल (डॉयरेक्टर, नेशनल इनफॉर्मेटिक सेन्टर, नई दिल्ली) आमंत्रित थी. श्रीमती अरुणा छाबा ने वेब डिजाइन के विभिन्न पहलूओं जैसे जी.यू. आई. डिजाइन इश्यूज, वेव साईट होस्टिंग, वेब पेजिस एकाउनटेविलिटी इश्यूज इत्यादि के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की. विद्यार्थियों ने भी इसमें खूब बढ़चढ़कर भाग लिया. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता जी ने इस व्याख्यान के सफल आयोजन पर कम्प्यूटर विभाग के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए इस तरह के कार्यक्रम उनके चहुमुखी विकास में सहायक साबित होते हैं. व्याख्यान का अंत विभाग के अध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ.